प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 05.04.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर और महराजगंज में 22 सौ करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का किया लोकार्पण और शिलान्यास : कहा– अगले तीन वर्ष से प्रदेश में खत्म होगी गरीबी।
2. मुख्यमंत्री ने फसलों की सुरक्षा को लेकर अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक : रबी सीजन में फसलों को आग से बचाने के लिये सभी जरूरी इंतजाम करने के दिये निर्देश।
3. चैत्र नवरात्र की अष्टमी पर प्रदेशभर के देवी मंदिरों में उमड़े भक्त : मुख्यमंत्री ने देवीपाटन शक्तिपीठ पर मां पाटेश्वरी का किया दर्शन पूजन।

और

4. अयोध्या में कल धूमधाम से मनाया जायेगा रामजन्मोत्सव : प्रदेशभर में रामनवमी के पर्व को लेकर हाई

————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज महराजगंज में रोहिन बैराज सहित 654 करोड़ रुपये की 629 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस अवसर पर एक जनसभा का संबोधित करते हुए संकल्प लिया कि अगले 3 साल में उत्तर प्रदेश से गरीबी खत्म कर इसे देश का नंबर एक राज्य बनाया जाएगा। बाइट.....

*अगले तीन वर्ष के अंदर उत्तर प्रदेश से गरीबी को हर हाल में पूरी तरह समाप्त करके एक समृद्ध राज्य के रूप में स्थापित हमें करना है। जीरो पॉवर्टी के इस लक्ष्य को प्राप्त करते हुए उत्तर प्रदेश को देश की नंबर एक की अर्थव्यवस्था के रूप में भी स्थापित करेंगे।*

**मुख्यमंत्री ने कहा कि नौतनवा में बने रोहिन बैराज का नाम अब मां बनैलिया देवी के नाम से जाना जाएगा। इस बैराज से 16 हजार किसानों और 54 सौ हेक्टेयर से अधिक भूमि को सिंचाई का लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश में हर क्षेत्र में विकास हो रहा ह। बाइट....**

*विकास के कार्य चाहे रेल का हो, चाहे सड़क का हो, वाटर वे का हो, मेट्रो का हो, रोपवे का हो ये सभी एक एक करके साकार होते हुए जा रहे हैं। एक तरफ ये कार्य युद्ध स्तर पर आगे बढ़ते हुए दिखाई दे रहे हैं दूसरी ओर लोक कल्याण के कार्यक्रमों को भी प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ाया जा रहा है।*

————————————

**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज गोरखपुर में एक हजार 640 करोड़ रुपये से अधिक की 107 परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सबका साथ–सबका विकास की सोच के साथ गोरखपुर शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में अपनी एक अलग पहचान बना रहा है। बाइट.....**

*अत्याधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ गोरखपुर में जो कार्य प्रारंभ हुए हैं लखनऊ से वाराणसी से, देवरिया से, कुशीनगर से महाराजगंज और नेपाल की ओर से फोर लेन की बेहतरीन कनेक्टिविटी, रेलवे की बेहतरीन कनेक्टिविटी, बेहतरीन एयर कनेक्टिविटी के साथ गोरखपुर जुड़ चुका है और*

*उन सभी सुविधाओं के साथ आज निवेश के भी एक बेहतरीन गंतव्य के रूप में गोरखपुर विकसित हो चुका है।*

———————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रबी सीजन में तैयार फसल को आग से बचाने के लिये युद्धस्तरीय प्रयास करने के निर्देश दिये हैं। गोरखपुर दौरे पर आये मुख्यमंत्री ने आज गारखनाथ मंदिर के सभाकक्ष में प्रशासन और पुलिस के अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने जिले में फसलों को आग से हुए नुकसान की जानकारी ली और जिन किसानों का नुकसान हुआ है उन्हें क्षतिपूर्ति शीघ्र उपलब्ध कराने के निर्देश दिये।

बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने रामनवमी पर्व को लेकर पुलिस और प्रशासन की तैयारियों की भी समीक्षा की। उन्होंने सभी मंदिरों में साफ–सफाई और सुरक्षा व्यवस्था को चुस्त–दुरूस्त रखने के लिये कहा।

———————————

प्रदेश सरकार मिशन वात्सल्य योजना के अन्तर्गत राज्य में चाइल्ड हेल्पलाइन के नौ नये रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड यूनिट स्थापित करेगी। इसके तहत बच्चों को 24 घंटें सहायता प्रदान की जायेगी। अभी तक राज्य में चाइल्ड हेल्पलाइन के 19 रेलवे स्टेशन और दो बस स्टेशन यूनिट संचालित है। इस हेल्पलाइन यूनिट के माध्यम से कोई भी

बच्चा कहीं से भी एक शून्य नौ आठ पर कॉल कर मदद मांग सकता है।

———————————

उत्तर प्रदेश परिवहन निगम में पांच हजार महिला अभ्यर्थियों की संविदा परिचालक के रूप में भर्ती की जाएगी। यह जानकारी कल परिवहन राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार दयाशंकर सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि महिला अभ्यर्थियों के पास इंटरमीडिएट और कम्प्यूटर का ट्रिपल सी प्रमाणपत्र होना अनिवार्य है। महिला अभ्यर्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए उनकी नियुक्ति उनके गृह जिलों के डिपो में ही की जाएगी। परिवहन मंत्री ने बताया कि भर्ती प्रक्रिया के तहत आठ अप्रैल से सत्रह अप्रैल तक विभिन्न शहरों में रोजगार मेले आयोजित किए जाएंगे।

———————————

**ब्रेक**

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

———————————

नवरात्र के सातवें दिन आज भक्त मां दुर्गा की आठवें स्वरूप मां महागौरी की पूजा अर्चना कर रहे हैं। प्रदेश में प्रमुख शक्तिपीठों और मंदिरों में रामचरित मानस का अखंड पाठ किया जा रहा है। अष्टमी तिथि पर आज घर–घर कन्या पूजन और हवन के कार्यक्रम भी आयोजित किये गये।

बलरामपुर के देवीपाटन शक्तिपीठ में आज सुबह से ही दर्शन पूजन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ लगी हुई है। मुख्यमंत्री योगो आदित्यनाथ ने देवीपाटन शक्ति मंदिर के गर्भगृह में आदिशक्ति मां पाटेश्वरी की विशेष पूजा अर्चना की। इस दौरान उन्होंने मंदिर में दर्शन के लिये कतार में खड़े श्रद्धालुओं से संवाद किया और छोटे बच्चों को चॉकलेट दी। पेश है एक रिपोर्ट.....

*देवीपाटन शक्तिपीठ पर प्रातः काल से ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु कतारों में लगकर दर्शन पूजन कर रहे हैं सूर्य कुंड से लेकर मंदिर परिसर तक लंबी लाइन श्रद्धालुओं के जयकारों से गूंज रहा है। कोई मुरादें पूरी होने पर नारियल चुनरी मां को अर्पित कर रहा है तो कोई  मुरादें मांग रहा है। श्रद्धालुओं की सुरक्षा हेतु जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है पूरे परिसर का सीसीटीवी कैमरे से निगरानी किया जा रहा है। रामकुमार मिश्र, आकाशवाणी समाचार, बलरामपुर।*

सीतापुर में प्रसिद्ध मां ललिता शक्तिपीठ पर भक्तों की भारी भीड़ है। मां की आराधना के साथ–साथ यहां श्रद्धालुओं द्वारा हवन पूजन और कन्या भोज का भव्य आयोजन किया जा रहा है। वाराणसी में मंगला गौरी और अन्नपूर्णा देवी मंदिर में भक्तों का तांता लगा हुआ है।

काशी विश्वनाथ धाम में अखंड रामायण पाठ का आयोजन किया जा रहा है। यह पाठ कल रामनवमी को समाप्त होगा।

————————————

अयोध्या के श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में कल रामनवमी का पर्व रामजन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जायेगा। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने बताया कि कल सुबह साढ़े 9 बजे से मंदिर परिसर में पूजा और अनुष्ठान शुरू हा जाएंगे। इस दौरान मंदिर में फूलों की झांकी सजाई जाएगी और रामलला को 56 प्रकार के व्यंजनों का भोग अर्पित किया जाएगा। ठीक 12 बजे रामलला का सूर्य तिलक होगा और श्रद्धालुओं पर ड्रोन से सरयू के जल की फुहार की जाएगी। रामनवमी पर कल राम की पैड़ी पर ढाई लाख दीप भी जलाये जायेंगे। पेश है हमारे प्रतिनिधि की एक रिपोर्ट......

*भगवान राम लला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के बाद दूसरा श्री राम जन्मोत्सव भी बेहद खास होने जा रहा है, जिसमें शामिल होने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु अयोध्या पहुंच रहे हैं,भीड़ के बढ़ते दबाव के चलते सुरक्षा व्यवस्था चौकस कर दी गई है और भारी वाहनों का प्रवेश वर्जित कर दिया गया है और क्लोज सर्किट टीवी को सक्रिय करने के साथ ही ड्रोन कैमरे से मेला क्षेत्र की आकाशीय निगरानी भी की जा रही है। तन्मय सोनी, आकाशवाणी समाचार, अयोध्या।*

इससे पूर्व आज राम लला के ललाट पर भगवान सूर्य के तिलक का सफल ट्रायल किया गया। रामलला के सूर्य

तिलक, श्रृंगार व अभिषेक के साक्षी देश–दुनिया भर के भक्त घर बैठे बन सकें, कल रामनवमी पर दूरदर्शन कार्यक्रम का लाइव प्रसारण करेगा।

———————————

कल रामनवमी के पर्व को लेकर प्रदेश में हाई अलर्ट घोषित किया गया है। पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने सभी जनपदों में प्रसिद्ध देवी मंदिरों के आसपास पर्याप्त संख्या में पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाने के निर्देश दिये हैं। साथ ही जुलूस और शोभा यात्राओं पर ड्रोन और सीसीटीवी कैमरे से नजर रखने के लिये कहा है। पेश है एक रिपोर्ट.....

*पुलिस मुख्यालय की ओर से सभी जिलों के पुलिस अधिकारियों को अपने–अपने क्षेत्रों में गश्त करने के निर्देश दिए गए हैं। अयोध्या, वाराणसी और मथुरा में विशेष चौकसी बरतने को कहा गया है। इसके अलावा संवेदनशील जनपद संभल, मुजफ्फरनगर, रामपुर, सहारनपुर, में सुरक्षा को लेकर अतिरिक्त एहतियात बरतने के साथ–साथ ड्रोन कैमरे, सीसीटीवी फुटेज से जुलूस और शोभा यात्राओं पर नजर रखने के लिये भी कहा गया है। पुलिस कर्मियों को सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर नजर रखने और अफवाहों व भ्रामक पोस्टों का संज्ञान लेकर कार्रवाई करने के निर्देश दिये गये हैं। आकाशवाणी समाचार कक्ष से सुषमा कुकरेती।*

———————————

चंडीगढ़ में आज आई.पी.एल. क्रिकेट में राजस्थान रॉयल्स और पंजाब किंग्स के बीच मुकाबला होगा।

(समाप्त)